Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding illicit liquor trade in Bihar.

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज): सभापति जी, बिहार में शराब की वजह से सैकड़ों लोग प्रतिदिन मर रहे हैं। आज का यह दुखद समाचार मैं आपके माध्यम से पूरे देश और सदन को बताना चाहता हूँ कि आज सारण जिले में और मेरे लोक सभा क्षेत्र के मशरक प्रखंड में दर्जनों लोग, चूँकि अभी 35 लोगों की गिनती वहां पर हुई है। मैंने वहां का पूरा अपडेट लिया है। वहां पर 35 लोग मर चुके हैं और दर्जनों लोग अस्पताल में हैं। मेरी डिमांड है कि वहां के एसपी को तुरंत बर्खास्त किया जाए।... (व्यवधान) इस घटना का आरोप मुख्य मंत्री पर जाता है।... (व्यवधान) उन्होंने शराबबंदी भी की है, लेकिन वहां पर शराब खुलेआम मिल रही है।... (व्यवधान) वहां के एसपी को तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए।... (व्यवधान)